**हिन्दी पाठ्यक्रम-ब (कोड 085)**
**प्रतिदर्श प्रश्नपत्र***
**कक्षा-दसवीं (2025-26)**

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**
निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए :

(i) इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं- क, ख, ग, घ ।
(ii) इस प्रश्नपत्र में कुल 16 प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
(iii) प्रश्नपत्र में आतंरिक विकल्प दिए गए हैं ।
(iv) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।

| | | |
|---|---|---|
| | खंड – क<br>( अपठित बोध ) | 14 |
| 1 | निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :<br><br>कार्य करने की क्षमता को योग्यता कहते हैं। यह सभी जीवों में किसी न किसी रूप में अवश्य विद्यमान रहती है। यही व्यक्ति की कार्य क्षमता का प्रमाण होती है। विविध शैक्षिक संसाधनों के माध्यम से इसे अर्जित और विस्तारित किया जा सकता है। सामाजिक उत्थान और देश की प्रगति के लिए योग्य एवं ईमानदार नागरिकों की आवश्यकता होती है। इस हेतु उत्कृष्ट शैक्षिक योजना का क्रियान्वयन आवश्यक है। शिक्षा व्यक्ति में गुणवत्ता का आद्यान कर योग्यता का निर्धारण करती है। पारिवारिक पृष्ठभूमि उसे मजबूत आधार प्रदान करती है। बच्चे में इसके प्रकटीकरण का आभास सर्वप्रथम माता-पिता को होता है। वही उसकी योग्यता को परखकर तद्नुरूप उत्तरदायित्व सौंपने के लिए उत्तरदायी होते हैं। इससे कार्य के प्रति निष्ठा जागृत होती है और कार्य सिद्धि अवश्यंभावी हो जाती है अन्यथा असफल होने पर जीवन में अवसाद का प्रवेश होता है, जिससे होने वाली सामाजिक एवं राष्ट्रीय क्षति का अनुमान भी नहीं लगाया जा सकता।<br>महाराज दशरथ और रानी कैकेयी इसके उत्कृष्ट उदाहरण हैं। जहाँ महाराज दशरथ राम को अवध का राज्य देना चाहते है, वहीं कैकेयी राम एवं भरत दोनों की योग्यताओं को पहचानती हैं। उन्हें सम्यक ज्ञान था कि भरत में भी अयोध्या का राज्य सँभालने की योग्यता है, किंतु राम अधर्मी राक्षसों का संहार कर संपूर्ण जगत का मंगल कर सकते हैं । इसीलिए दुनिया में होने वाली अपकीर्ति की परवाह न करके भी भरत के लिए अवध का राज्य तथा राम के लिए वनवास की याचना की।<br>अतः संतान को जन्म देना ही माता-पिता का कर्तव्य नहीं है । योग्य नागरिक बनाकर योग्यतानुसार राष्ट्र-निर्माण में नियोजित करना उससे बड़ा दायित्व है ।<br><br>(दैनिक जागरण) | 7 |
| (क) | व्यक्ति की कार्यक्षमता का प्रमाण होता है –<br>(i) शक्ति | 1 |

**कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।*

| | | |
|---|---|---|
| | (ii) योग्यता<br>(iii) शिक्षा<br>(iv) कौशल | |
| (ख) | उत्कृष्ट शैक्षिक योजना की आवश्यकता क्यों होती है ?<br>(i) संसाधन के विकास हेतु<br>(ii) शिक्षा के प्रसार हेतु<br>(iii) व्यक्तित्व निर्माण हेतु<br>(iv) योग्यता निर्धारण हेतु | 1 |
| (ग) | निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प चुनिए :<br>कथन : कैकेयी महाराज दशरथ से अधिक बुद्धिमान थी।<br>कारण : वह राम और भरत की योग्यताओं को अच्छी तरह जानती थी।<br>(i) कथन सही है लेकिन कारण ग़लत है।<br>(ii) कथन और कारण दोनों सही है।<br>(iii) कथन ग़लत है और कारण सही है।<br>(iv) कथन और कारण दोनों गलत है। | 1 |
| (घ) | देश की प्रगति के लिए योग्य एवं ईमानदार नागरिकों की आवश्यकता क्यों होती है ? | 2 |
| (ङ) | महाराज दशरथ और रानी कैकेयी के उदाहरण से आप क्या समझते हैं ? | 2 |
| 2 | निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :<br><br>दीप प्रज्ज्वलन आदि संस्कृतियों का अभिन्न अंग रहा है। धार्मिक अनुष्ठान किसी भी पंथ का अंग रहा है। धार्मिक अनुष्ठान किसी भी पंथ का हो, दीप प्रज्वलन के बिना आज भी संपन्न नहीं माना जाता। दीपावली और गुरुनानक जयंती, हमारे दो प्रमुख दीप पर्व हैं। जगमगाते आवासीय और कार्य परिसर जनमानस के हर्षोल्लास की अभिव्यक्ति देते हैं, उनमें आशा एवं उत्साह का संचार करते हैं। आवासीय, शैक्षिक, औदयोगिक भवन यहां तक कि नाभिकीय संयंत्र का शिलान्यास या किसी भी कोटि की संगोष्ठी का उद्‌घाटन हम अनिवार्यतः दीया जला कर करते हैं। प्रज्वलित दीप से परिवेश की नकारात्मकता निराकृत होती है, वातावरण शुद्‌ध होता है, दैविक शक्तियों का आगमन आसान होता है। अधिसंख्य व्यक्ति क्लेश, विवाद और भ्रांतियों से इसलिए त्रस्त हैं, चूंकि उन्हें जीवन के परम उद्‌देश्य और इसकी अधिप्राप्ति के आवश्यक साधनों और विधियों का ज्ञान नहीं है। उद्देश्य की स्पष्टता से सुसंगत सोच और उसी अनुरूप संगत निर्मित करेंगे तो अभीष्ट की प्राप्ति आवश्यक होगी।<br>प्रकाश ज्ञान और देवत्व का प्रतीक है। अंधकार कितना भी हो, एक जलते दिये से लुप्त हो जाता। अंधकार रूपी अज्ञान को मिटाने में दीपक की भूमिका निर्विवाद है। यह दीपक उस सद्‌बुदधि और विवेक का है, जो एक ओर व्यक्ति की प्रभु से निकटता स्थापित करता है और दूसरों को सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। आवरण धोखा दे सकता है। बाह्य चमक-दमक और लीपापोती की आतुरता में अंतःकरण की उपेक्षा हो सकती है। अपने मूल दैनिक रूप की पहचानें निखारते रहें, तो जीवन सार्थक हो जाएगा।<br>– (दैनिक जागरण) | 7 |

*कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।

| | | |
|---|---|---|
| (क) | अंधकार को किसके समान बताया गया है? | 1 |
| | (i)मूर्खता | |
| | (ii) अज्ञान | |
| | (iii) क्लेश | |
| | (iv) निराशा | |
| (ख) | प्रकाश को देवत्व का प्रतीक क्यों कहा गया है ? | 1 |
| | (i)प्रकाश फैलाने से | |
| | (ii)सद्बुद्धि के प्रसार से | |
| | (iii)अंधकार को दूर करने से | |
| | (iv)भगवान की आरती करने से | |
| (ग) | निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प चुनिए :<br>कथन : किसी भी संगोष्ठी का उद्‌घाटन दीया जला कर होता है ।<br>कारण : दीप प्रज्ज्वलन से वक्ता में आशा और उत्साह का संचार होता है।<br>(i) कथन सही है लेकिन कारण ग़लत है ।<br>(ii) कथन और कारण दोनों सही है ।<br>(iii) कथन ग़लत है और कारण सही है ।<br>(iv) कथन और कारण दोनों गलत है । | 1 |
| (घ) | जीवन की सार्थकता से आप क्या समझते हैं? | 2 |
| (ङ) | दीपक की भूमिका को स्पष्ट कीजिए । | 2 |
| | खंड-ख<br>(व्यावहारिक व्याकरण) | 16 |
| 3 | पदबंध पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **<u>किन्हीं चार प्रश्नों</u>** के उत्तर लिखिए | 4x1=4 |
| (क) | 'सर्वनाम पदबंध' का प्रयोग करते हुए एक वाक्य बनाइए । | |
| (ख) | यह लड़का हमेशा कोई न कोई शरारत <u>करता रहता है</u>। रेखांकित का पदबंध बताइए? | |
| (ग) | क्रिया विशेषण पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए? | |
| (घ) | <u>तलवार की सीधमें धरती</u> फटती ही जा रही थी - वाक्य में रेखांकित पदबंध की पहचान कीजिए। | |
| (ङ) | पास में एक सुंदर और शक्तिशाली युवक रहा करता था - पंक्ति में प्रयुक्त विशेषण पदबंध को चुनकर लिखिए ? | |
| 4 | रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **<u>किन्हीं चार प्रश्नों</u>** के उत्तर लिखिए - | 4x1=4 |
| (क) | मेरे भाई साहब मुझसे पाँच साल बड़े थे लेकिन केवल तीन दरजे आगे ।<br>वाक्य का भेद लिखिए | |
| (ख) | फिर सालाना इम्तिहान हुआ और कुछ ऐसा संयोग हुआ कि मैं फिर पास हुआ- वाक्य भेद लिखिए । | |
| (ग) | जब अविनाश बाबू ने झंडा गाड़ा तब पुलिस ने उनको पकड़ लिया। संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए । | |

| | | |
|---|---|---|
| (घ) | जो बात उनकी ज़िंदगी में थी वहीं उनके गीतों में थी। यह मिश्र वाक्य कैसे है ? | |
| (ङ) | सरल वाक्य का एक उदाहरण लिखकर उसे स्पष्ट भी कीजिए ? | |
| 5 | समास पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **किन्हीं चार प्रश्नों** के उत्तर लिखिए – | 4x1=4 |
| (क) | राम भी तुम, तुम ही लक्ष्मण साथियों – पंक्ति में प्रयुक्त राम, लक्ष्मण से सामासिक पद बनाकर भेद लिखिए। | |
| (ख) | 'करुणाकर' सामासिक पद में प्रयुक्त पूर्व पद और उत्तर पद अलग कर समास का नाम लिखिए। | |
| (ग) | 'अनाथ' का सामासिक विग्रह कर समास का नाम लिखिए। | |
| (घ) | कर्मधारय समास के किसी एक उदाहरण का वाक्य प्रयोग कीजिए। | |
| (ङ) | 'त्रिभुज' का सामासिक विग्रह कर समास का नाम लिखिए। | |
| 6 | 'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **किन्हीं चार प्रश्नों** के उत्तर लिखिए – | 4x1=4 |
| (क) | भाई साहब का रूद्र-रूप देखकर ------- जाते।<br>(उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान को भरिए) | |
| (ख) | 'हक्का-बक्का रह जाना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए। | |
| (ग) | 'आँखों में धूल झोंकना' तथा 'आँखों में बसाना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए। | |
| (घ) | फिल्म की संवेदना किसी दो से चार बनाने का गणित जानने वाले की समझ से परे थी । पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्म में प्रयोग कीजिए? | |
| (ङ) | गायन इतना प्रभावी था कि वह अपनी ------- लगा ।<br>उचित मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की मूर्ति कीजिए । | |
| | खंड – ग<br>( पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक ) | 28 |
| 7 | निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :<br><br>बाइबिल और दूसरे पावन ग्रंथों में नूह नाम के एक पैगंबर का ज़िक्र मिलता है। उनका असली नाम लशकर था, लेकिन अरब ने उनको नूह के लकब से याद किया है। वह इसलिए कि आप सारी उम्र रोते रहे। इसका कारण एक ज़ख्मी कुत्ता था। नूह के सामने से एक बार एक घायल कुत्ता गुज़रा। नूह ने उसे दुत्कारों हुए कहा, 'दूर हो जा गंदे कुत्ते । 'इस्लाम में कुत्तों को गंदा समझा जाता है। कुते ने उनकी दुत्कार सुनकर जवाब दिया..--' न मैं अपनी मर्जी से कुत्ता हूँ, न तुम अपनी पसंद से इनसान हो। बनाने वाला सबका तो वही एक है। | 5x1=5 |
| (क) | 'बाइबिल' को किस प्रकार का ग्रंथ माना जाता है?<br>(i) पावन<br>(ii)धार्मिक<br>(iii) नीति<br>(iv)न्याय | |
| (ख) | 'अरब ने उनको नूह के लकब से याद किया है ।' इस पंक्ति में 'लकब' का क्या अर्थ है ?<br>(i)नाम<br>(ii)पदवी<br>(iii)पैगंबर | |

| | | |
|---|---|---|
| | (iv)ग्रंथ | |
| (ग) | पैगंबर से आप क्या समझते हैं?<br>(i)धर्मगुरु<br>(ii) धर्मसेवी<br>(iii) धार्मिक<br>(iv)धर्मप्रवर्तक | |
| (घ) | लशकर को नूह के नाम से क्यों याद करते हैं?<br>(i) पाश्चाताप करने के कारण<br>(ii) गलती का अहसास करने के कारण<br>(iii) अफसोस में रोते रहने के कारण<br>(iv) कुत्ते से नफरत करने के कारण | |
| (ङ) | निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन करके लिखिए :<br>कथन - न मैं अपनी मर्जी से कुता हूँ, न तुम अपनी पसंद से इनसान हो।<br>कारण - सबको बनाने वाला एक मात्र ईश्वर है।<br>विकल्प -<br>(i)कथन तथा कारण दोनों गलत हैं ।<br>(ii)कथन तथा कारण दोनों सही हैं ।<br>(iii)कथन गलत है तथा कारण सही है ।<br>(iv) कथन सही है तथा कारण गलत है। | |
| 8 | निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से **किन्हीं तीन प्रश्नों** के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए : | 3x2=6 |
| (क) | बड़े भाई साहब के व्यक्तित्व की विशेषताओं के बारे में लिखिए। | |
| (ख) | 26 जनवरी 1931 के दिन को अपूर्व दिन क्यों कहा गया है ? 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर लिखिए । | |
| (ग) | तताँरा से निकोबारियों के प्रेम करने के कारणों को स्पष्ट कीजिए? | |
| (घ) | शैलेन्द्र कवि नहीं गीतकार थे, कैसे? | |
| 9 | निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :<br>पावस ऋतु थी, पर्वत प्रदेश,<br>पल-पल परिवर्तित प्रकृति-वेश ।<br>मेखलाकार पर्वत अपार<br>अपने सहस्र दृग-सुमन फाड़,<br>अवलोक रहा है बार-बार<br>नीचे जल में निज महाकार,<br>- जिसके चरणों में पला ताल<br>दर्पण-सा फैला है विशाल । | 5x1=5 |
| (क) | काव्यांश में किस ऋतु की बात की गई है?<br>(i) वर्षा<br>(ii) ग्रीष्म | |

| | | |
|---|---|---|
| | (iii) शरद<br>(iv)शीत | |
| (ख) | तालाब की तुलना दर्पण से क्यों की गई है ?<br>(i)विशाल होने से<br>(ii) बड़ा होने से<br>(iii) साफ़ और स्थिर होने से<br>(iv) पारदर्शी होने से | |
| (ग) | प्रकृति के स्वरूप में पल-पल परिवर्तन क्यों हो रहा है ?<br>(i) बादल के कारण<br>(ii) वर्षा के कारण<br>(iii) धूप के कारण<br>(iv) वर्षा ऋतु के कारण | |
| (घ) | पर्वत बार-बार अपने को क्यों देख रहा है?<br>(i) सुंदर होने से<br>(ii)फूल खिलने से<br>(iii) अविश्वास के कारण<br>(iv)उत्साहित होने से | |
| (ङ) | निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन करके लिखिए :<br>कथन : पर्वत अपने रूप पर मुग्ध हो रहा है।<br>कारण : नीचे जमे जल में स्वरूप दिखाई दे रहा है।<br>विकल्प<br>(i)कथन सही है, किंतु कारण गलत है ।<br>(ii)कथन गलत है, किंतु कारण सही है ।<br>(iii)कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या है ।<br>(iv)कथन सही है किंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है। | |
| 10 | निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से **किन्हीं तीन प्रश्नों** के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए : | 3x2=6 |
| (क) | मीरा कृष्ण का चाकर क्यों बनना चाहती है ? | |
| (ख) | कंपनी बाग में रखी तोप सैलानियों से क्या कहती है ? | |
| (ग) | कवि कैफ़ी आज़मी ने जिन्दा रहने के समय से मौत के क्षण को अधिक महत्वपूर्ण क्यों माना है ? | |
| (घ) | 'आत्मत्राण' कविता एक अलग भाव की कविता है, कैसे ? | |
| 11 | पूरक पाठ्य पुस्तक 'संचयन' के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से **किन्हीं दो प्रश्नों** के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए : | 2x3=6 |
| (क) | 'दोस्ती के लिए समान उम्र का होना आवश्यक नहीं होता' - इस कथन के पक्ष में 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर विचार व्यक्त कीजिए । | |
| (ख) | बच्चों की पढ़ाई को लेकर अभिभावक उदासीन थे - 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर कथन की समीक्षा कीजिए ? | |
| (ग) | 'टोपी शुक्ला' की कहानी में इफ्फ़न की कहानी को जानना क्यों आवश्यक है ? | |

| | | |
|---|---|---|
| | खंड – घ<br>( रचनात्मक लेखन ) | 22 |
| 12 | निम्नलिखित तीन विषयों में से **किसी एक** विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए :<br>(क) पंचायती चुनाव<br>• पंचायत क्या है?<br>• चुनाव की आवश्यकता एवं नाम?<br>• ग्रामीण विकास में महत्त्व<br>(ख) स्वास्थ्य और मोटा अनाज<br>• स्वास्थ्य का महत्त्व<br>• मोटा अनाज क्या है?<br>• स्वस्थ रखने में भूमिका<br>(ग) महानगर में स्वच्छ हवा का संकट<br>• महानगर क्या है?<br>• स्वच्छ हवा की आवश्यकता<br>• स्वास्थ्य और जीवन पर प्रभाव | 5x1=5 |
| 13 | निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में एक औपचारिक पत्र लिखिए – | 5x1=5 |
| (क) | आप भरत/भारती हैं। विद्यालय में 'भाषा क्लब' बनाने के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए। | |
| (ख) | आप हरियाणा के रोहतक जिले के सामना गाँव के निवासी हैं। गाँव के लोग स्वच्छता के संदर्भ में सभा करने वाले हैं। इसकी जानकारी देते हुए किसी राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए। | |
| 14 | निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए: | 4x1=4 |
| (क) | आप अनुभव/अनुभा हैं। आप अपने स्कूल के 'हिन्दी भाषा विकास मंच' के सचिव हैं। आपके स्कूल में अन्तर्विद्यालयी 'भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सभी विद्यार्थियों को सूचित करने के लिए एक सूचना तैयार कीजिए। | |
| (ख) | आप सर्वोदय सोसाइटी के सचिव हैं।आपकी सोसाइटी में एक सप्ताह तक गंगा जल की आपूर्ति बाधित रहेगी । इसकी जानकारी देते हुए एक सूचना लिखिए। | |
| 15 | निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर लगभग 40 शब्दों में आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए : | 3x1=3 |
| (क) | आपसे 'अवनी प्रकाशन' के प्रबंधक ने एक विज्ञापन बनाने के लिए आग्रह किया है। आप इस प्रकाशन के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। | |
| (ख) | एन.एच.-24 सड़क अब लाल बत्ती से मुक्त हो गई है। दिल्ली से मेरठ तक यात्रा बिना रुके पूरी की जा सकती है। आम जनता को इसकी जानकारी देते हुए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। | |
| 16 | (क) मैं अपने घर की बालकनी में बैठा चाय पी रहा था कि अचानक तेज हवाएं चलने लगीं –-------- पंक्ति से लगभग 100 शब्दों में लघुकथा लिखिए।<br>अथवा<br>(ख) आप कार्तिक / कृतिका हैं। आपको उच्च शिक्षा के लिए 'शिक्षा-लोन' की आवश्यकता | 5x1=5 |

| | | |
|---|---|---|
| | है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधक को लगभग ८० शब्दों में ई-मेल लिखकर लोनके लिए आवेदन कीजिए ? | |

**कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।*

**अंक योजना**
**प्रतिदर्श प्रश्नपत्र (2025-26)**
**हिन्दी (पाठ्यक्रम-ब)**
**कोड (085)**
**कक्षा-दसवीं**

**निर्धारित समय**: 3 **घंटे** **अधिकतम अंक** : 80

**सामान्य निर्देश** :

1. अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है ।
2. अंक योजना में दिए गए वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर बिंदु अंतिम नहीं हैं ।ये सुझावात्मक एवं सांकेतिक हैं ।
3. यदि परीक्षार्थी इन उत्तर बिन्दुओं से भिन्न, किंतु उपयुक्त उत्तर दें तो उसे उपयुक्त अंक दिए जाएँ ।
4. एक ही प्रकार की अशुद्धि पर बार-बार अंक न काटा जाए ।
5. मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने - 0 से 80 का प्रयोग अभीष्ट है

| प्रश्न | **उत्तर संकेत / मूल्य बिंदु** | अंक और अंक विभाजन |
|---|---|---|
| | खंड - क<br>( अपठित बोध ) | 14 |
| 1 | गद्यांश पर आधारित पूछे गएप्रश्नों के अपेक्षित उत्तर - | 7 |
| (क) | (ii) योग्यता । | 1 |
| (ख) | (iv)योग्यता निर्धारण हेतु । | 1 |
| (ग) | (ii)कथन और कारण दोनों सही है । | 1 |
| (घ) | • योग्यता से कौशल का विकास ।<br>• ईमानदारी से आर्थिक बचत, काम में रफ्तार ।<br>• देश के प्रति लगाव एवं कार्य करने से देश का विकास ।<br>(केवल दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| (ङ) | • योग्यता की परख में सावधानी बरतने के लिए ।<br>• निर्णय भावनाओं से नहीं बुद्धि से ।<br>• कार्य क्षमता को समझकर ज़िम्मेवारी देना ।<br>(केवल दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| 2 | गद्यांश पर आधारित पूछे गएप्रश्नों के अपेक्षित उत्तर : | 7 |
| (क) | (ii)अज्ञान । | 1 |
| (ख) | (i)प्रकाश फैलाने से । | 1 |
| (ग) | (i)कथन सही है लेकिन कारण ग़लत है । | 1 |
| (घ) | • अंतःकरण को पवित्र, निर्मल रखना ।<br>• अपने गुणों को निखारकर राष्ट्र के विकास में योगदान देना ।<br>• आवरण से मुक्त रहकर सृजनात्मक कार्यों में संलग्न होना । | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | (केवल दो बिंदु अपेक्षित) | |
| (ङ) | • दीपक ज्ञान और प्रकाश का प्रतीक ।<br>• सद्‌बुद्धि और विवेक का ।<br>• आत्मिक विकास के लिए ।<br>(केवल दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | खंड – ख<br>(व्यावहारिक व्याकरण) | 16 |
| 3 | पदबंध पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **किन्हीं चार प्रश्नों** के उत्तर अपेक्षित – | 4x1=4 |
| (क) | सर्वनाम पदबंध का कोई भी वाक्य स्वीकार्य ।<br>जैसे :<br>हर मैच जीतने वाले तुम इस बार हार कैसे गए । | 1 |
| (ख) | क्रिया पदबंध । | 1 |
| (ग) | पक्षियों की सायंकालीन चहचहाहटें शनैः शनैः क्षीण होने को थीं । | 1 |
| (घ) | संज्ञा पदबंध | 1 |
| (ङ) | सुंदर और शक्तिशाली | 1 |
| 4 | रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **किन्हीं चार प्रश्नों** के उत्तरअपेक्षित – | 4x1=4 |
| (क) | संयुक्त वाक्य | 1 |
| (ख) | मिश्र वाक्य | 1 |
| (ग) | अविनाश बाबू ने झंडा गाड़ा और पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया । | 1 |
| (घ) | प्रधान उपवाक्य – वहीं उनके गीतों में थी<br>आश्रित उपवाक्य – जो बात उनकी ज़िंदगी में थी | 1 |
| (ङ) | कोई भी उपयुक्त उत्तर स्वीकार्य । | 1 |
| 5 | समास पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **किन्हीं चार प्रश्नों** के उत्तर अपेक्षित – | 4x1=4 |
| (क) | राम-लक्ष्मण राम और लक्ष्मण द्वंद्व समास | 1 |
| (ख) | पूर्व पद – करुणा उत्तर पद – कर<br>विग्रह – करुणा करने वाला अर्थात ईश्वर - बहुब्रीहि समास | 1 |
| (ग) | जिसका नाथ न हो – अव्ययीभाव समास | 1 |
| (घ) | कर्मधारय समास का कोई भी उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य । | 1 |
| (ङ) | तीन भुजाओं का समाहार – द्विगु समास । | 1 |
| 6 | 'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **किन्हीं चार प्रश्नों** के उत्तर अपेक्षित – | 4x1=4 |
| (क) | प्राण सूख | 1 |
| (ख) | वजीर अली के जाने के बाद कर्नल हक्का-बक्का रह गया ।<br>अन्य उपयुक्त वाक्य भी स्वीकार्य । | 1 |
| (ग) | 'आँखों में धूल झोंकना' = धोखा देना<br>'आँखों में बसाना' = अत्यधिक स्नेह करना | 1 |
| (घ) | दो से चार बनाना = अत्यधिक मुनाफ़ा कमाना ।<br>मुहावरे के साथ प्रयुक्त कोई भी वाक्य स्वीकार | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (ङ) | सुध-बुध खोने लगना । | 1 |
| | खंड – ग<br>(पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक) | 28 |
| 7 | निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त अपेक्षित उत्तर – | 5x1=5 |
| (क) | (i) पावन | 1 |
| (ख) | (ii) पदवी | 1 |
| (ग) | (i) धर्मगुरु | 1 |
| (घ) | (iii)अफसोस में रोते रहने के कारण | 1 |
| (ङ) | (ii)कथन तथा कारण दोनों सही हैं । | 1 |
| 8 | निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से **<u>किन्हीं तीन प्रश्नों</u>** के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में अपेक्षित : | 3x2=6 |
| (क) | • अध्ययनशील स्वभाव<br>• परिवार और छोटे भाई के लिए चिंतित<br>• भाई की शिक्षा तथा सजग परिवेश के प्रति सजग<br>(केवल दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| (ख) | • कोलकाता में दूसरे स्वतंत्रता दिवस का आयोजन<br>• प्रायः सभी मकानों पर राष्ट्रीय ध्वज काफहराना<br>• चारों ओर उत्सव का माहौल<br>(केवल दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| (ग) | • तताँरा एक नेक और मददगार<br>• दूसरों की सहायता के लिए तत्पर<br>• व्यक्तित्व आकर्षक तथा आत्मीय स्वभाव<br>(केवल दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| (घ) | • गीतकार में धन के प्रति आकर्षण<br>• कवि धन-लिप्सा से मुक्त<br>• गीत और जिन्दगी में सरोकार का अभाव<br>• कविता में करुणा तथा जूझने का संकेत<br>(केवल दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| 9 | निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त अपेक्षित उत्तर – | 5x1=5 |
| (क) | (i)वर्षा | 1 |
| (ख) | (iii)साफ़ और स्थिर होने से | 1 |
| (ग) | (iv)वर्षा ऋतु के कारण | 1 |
| (घ) | (iv)उत्साहित होने से | 1 |
| (ङ) | (iii)कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या है। | 1 |
| 10 | निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से **<u>किन्हीं तीन प्रश्नों</u>** के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में अपेक्षित : | 3x2=6 |
| (क) | • कृष्ण का सानिध्य चाहना<br>• रोज सुबह दर्शन करना | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | • कृष्ण भक्ति में रमे रहना<br>(केवल दो बिंदु अपेक्षित) | |
| (ख) | • अपनी वीरता का बखान<br>• अपनी ताकत के बारे में बताती है<br>• अपने समय में वीरों के धज्जे उड़ाए<br>• शासकों का साथ दिया<br>(केवल दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| (ग) | • मौत का क्षण बार-बार नहीं आता<br>• मृत्यु के मौके जीवन में कव आए निश्चित नहीं<br>• जीने का समय रोज होना<br>(केवल दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| (घ) | • अन्य प्रार्थना गीतों से अलग<br>• ईश्वर से कष्टों को दूर करने का निवेदननहीं करना<br>• कष्टों को जीतने की शक्ति और सामर्थ्य की इच्छा<br>(केवल दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| 11 | पूरक पाठ्य पुस्तक 'संचयन' के निर्धारित पाठों पर आधारित तीन प्रश्नों में से **<u>किन्हीं दो प्रश्नों</u>** के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में अपेक्षित- | 2x3=6 |
| (क) | • दोस्ती के व्यावहारिक और वैचारिक कारण<br>• काका का पड़ोस में रहना तथा बचपन से ही लेखक को दुलार करना<br>• आपस में खुलकर बात करना<br>• आपसी प्रेम, स्नेह और सहयोग आदि। | 3 |
| (ख) | • अधिकांश अभिभावक निम्न मध्यवर्ग से<br>• शिक्षा को रोजगार से देखना<br>• जीवन में शिक्षा के महत्व को नहीं समझना | 3 |
| (ग) | • टोपी इफ़्फ़न का पहला मित्र<br>• टोपी की कहानी में इफ़्फ़न का बार-बार आना<br>• दोनों की घरेलू परम्पराएँ तथा जीवन के बारे में अलग-अलग सोच होते हुए भी अटूट रिश्ता | 3 |
| | खंड - घ<br>(रचनात्मक लेखन) | 22 |
| 12 | तीन विषयों में से **<u>किसी एक</u>** विषय के संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद अपेक्षित :<br><u>अनुच्छेद लेखन</u><br>• विषयवस्तु 3 अंक<br>• भाषा शुद्धता 1 अंक<br>• प्रस्तुति 1 अंक | 5x1=5 |
| 13 | **<u>किसी एक</u>** विषय पर लगभग 100 शब्दों में एक औपचारिक पत्र लेखन अपेक्षित-<br>• प्रारूप (प्रारंभ और अंत की औपचारिकताएँ) 1 अंक<br>• विषयवस्तु 3 अंक | 5x1=5 |

| | | |
|---|---|---|
| | • भाषा शुद्धता 1 अंक | |
| 14 | **किसी एक** विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लेखन अपेक्षित-<br>• प्रारूप 1 अंक<br>• विषयवस्तु 2 अंक<br>• भाषा शुद्धता 1 अंक | 4x1=4 |
| 15 | **किसी एक**विषय पर लगभग 40 शब्दों में आकर्षक विज्ञापन लेखन अपेक्षित-<br>• रचनात्मक प्रस्तुति 1 अंक<br>• विषयवस्तु 1 अंक<br>• भाषा शुद्धता 1 अंक | 3x1=3 |
| 16 | (क) लगभग 100 शब्दों में लघुकथा लेखन अपेक्षित-<br>• प्रस्तुति 1 अंक<br>• विषयवस्तु 3 अंक<br>• भाषा शुद्धता 1 अंक<br>**अथवा**<br>(ख) लगभग 80 शब्दों में ई-मेल लेखन अपेक्षित<br>• प्रारूप 1 अंक<br>• विषयवस्तु 3 अंक<br>• भाषा शुद्धता 1 अंक | 5x1=5 |